इस पुस्तिका में **56** मुद्रित पृष्ठ हैं ।
This booklet contains **56** printed pages.

# TAJ 19-I

**प्रश्न-पत्र I / PAPER I**

**मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET**

**परीक्षा पुस्तिका संकेत**
**Test Booklet Code**

# P

**परीक्षा पुस्तिका संख्या**
**Test Booklet No.**

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $2\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत P** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया कोड P वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $2\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **P.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q. Nos. 31-60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q. Nos. 61-90) |
| Part-IV | : Language I - (English/Hindi) | (Q. Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language II - (English/Hindi) | (Q. Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet of P Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Name of the Candidate (in Capital Letters) :
अनुक्रमांक : (अंकों में) ____________________
Roll Number : in figures
: (शब्दों में) ____________________
: in words
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Centre of Examination (in Capital Letters) :
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________ निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________
Candidate's Signature : Invigilator's Signature :
Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent ____________________

**P**

## PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

***Directions :** Answer the following questions (Q. Nos. **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**1. According to Jean Piaget, children –**

(1) actively construct knowledge as they manipulate and explore the world.

(2) learn by observing others following a process of observational learning.

(3) can be conditioned to behave in particular ways by carefully controlled stimulus – response associations.

(4) can be taught to behave and learn in specific manner using principles of rewards and punishment.

**2. There are individual variations in the rate of motor development, yet the sequence of motor development is from ________ to _________.**

(1) cephalocaudal; proximodistal

(2) proximodistal, cephalocaudal

(3) gross motor development; fine motor development

(4) fine motor development; gross motor development

**3. The period that initiates the transition to adulthood is –**

(1) Adolescence

(2) Middle childhood

(3) Pre-operational period

(4) End childhood

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1. जीन पियाजे के अनुसार, बच्चे –**

(1) ज्ञान को सक्रिय रूप से संरचित करते हैं, जैसे-जैसे वे दुनिया में व्यवहार कौशल का प्रयोग करते हैं तथा अन्वेषण करते हैं ।

(2) प्रेक्षणात्मक अधिगम की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए दूसरों का अवलोकन करके सीखते हैं ।

(3) को उद्दीपन-अनुक्रिया संबंधों के सावधानीपूर्ण नियंत्रण के द्वारा एक विशेष तरीके से व्यवहार करने के लिए अनुबंधित किया जा सकता है ।

(4) को पुरस्कार एवं दण्ड के सिद्धांतों का प्रयोग करते हुए विशिष्ट तरीके से व्यवहार करना एवं सीखना सिखाया जा सकता है ।

**2. चालक विकास की दर में व्यक्तिगत विविधताएँ होती हैं, फिर भी चालक विकास का क्रम ______ से ______ तक है ।**

(1) शीर्षगामी; अधोगामी

(2) अधोगामी; शीर्षगामी

(3) अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास; परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास

(4) परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास; अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास

**3. वह अवधि जो वयस्कता के संक्रमण की पहल करती है, उसे क्या कहते हैं ?**

(1) किशोरावस्था

(2) मध्य बाल्यावस्था

(3) पूर्व-क्रियात्मक अवधि

(4) बाल्यावस्था की समाप्ति

**4. A child argues that Heinz shouldn't steal the drug (medicine that can save his wife) because he will be caught and sent to jail if he does so. According to Kohlberg, which stage of moral understanding does the child fall under ?**

(1) The instrumental purpose orientation

(2) The social-order maintaining orientation

(3) The punishment and obedience orientation

(4) The universal ethical principle orientation

**5. Lev Vygotsky refers to the verbal dialogues that children have with themselves as –**

(1) egocentric speech

(2) private speech

(3) distorted speech

(4) problematic speech

**6. Associating toys, articles of clothing, household items, occupations and colours with specific sex, is a demonstration of –**

(1) evolved gender identity

(2) gender stereotyping

(3) gender theory

(4) gender relevance

**7. In an elementary classroom it is important to ________ the experiences that a child brings with her.**

(1) deny

(2) neglect

(3) ignore

(4) build on

**4. एक बच्चा तर्क प्रस्तुत करता है कि हिंज को दवाई की चोरी नहीं करनी चाहिए (वह दवाई जो उसकी पत्नी की जान बचाने के लिए जरूरी है), क्योंकि यदि वह ऐसा करता है तो उसे पकड़ा जाएगा और जेल भेज दिया जाएगा। कोलबर्ग के अनुसार वह बच्चा नैतिक समझ की किस अवस्था के अंतर्गत आता है ?**

(1) यंत्रीय उद्देश्य अभिविन्यास

(2) सामाजिक-क्रम नियंत्रक अभिविन्यास

(3) दण्ड एवं आज्ञापालन अभिविन्यास

(4) सार्वभौम नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास

**5. मौखिक संवाद जो बच्चे अपने आप से करते हैं, उन्हें लेव वायगोत्सकी क्या कहते हैं ?**

(1) अहंकेंद्रित वार्ता

(2) व्यक्तिगत वार्ता

(3) भ्रांत वार्ता

(4) समस्यात्मक वार्ता

**6. खिलौने, पहनावे की वस्तुएँ, घरेलू सामग्रियाँ, व्यवसायों एवं रंगों को विशिष्ट लिंग के साथ संबंधित करना क्या प्रदर्शित करता है ?**

(1) विकसित जेंडर पहचान

(2) जेंडर रूढ़िवादिता

(3) जेंडर सिद्धांत

(4) जेंडर प्रासंगिकता

**7. एक प्रारंभिक कक्षाकक्ष में एक बच्ची अपने साथ जो अनुभव लाती है**

(1) उन्हें अस्वीकार करना चाहिए।

(2) उसकी उपेक्षा करनी चाहिए।

(3) उन पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

(4) उन्हें शामिल कर उनका संचय करना चाहिए।

8. **A teacher should –**

(1) maximize comparisons amongst students.

(2) promote students belonging to certain cultures.

(3) ignore cultural differences and diversity amongst students.

(4) communicate that she respects and values all cultures in the classroom.

9. **Which of the following constructs does Right to Education Act, 2009 advocate ?**

(1) Integrated education

(2) Inclusive education

(3) Segregation

(4) Mainstreaming

10. **________ is the philosophy that all children have a right to get equal education in a regular school system.**

(1) Inclusion

(2) Mainstreaming

(3) Special education

(4) Multi-cultural education

8. **एक शिक्षक को चाहिए कि**

(1) वह विद्यार्थियों के बीच तुलना को अधिकतम करें ।

(2) वह विशेष संस्कृतियों / समुदाय के बच्चों को बढ़ावा दे ।

(3) वह विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक विभिन्नताओं तथा विविधता की अनदेखी करें ।

(4) यह सम्प्रेषित करे कि वह कक्षाकक्ष में सभी संस्कृतियों का सम्मान करती है एवं महत्त्व देती है ।

9. **निम्नलिखित संरचनाओं में से शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 किसकी वकालत करता है ?**

(1) एकीकृत शिक्षा

(2) समावेशी शिक्षा

(3) पृथक्करण

(4) मुख्यधारा शिक्षण

10. **_____ यह विचारधारा है कि सभी बच्चों को एक नियमित विद्यालय व्यवस्था में समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार हो ।**

(1) समावेशी शिक्षा

(2) मुख्यधारा शिक्षा

(3) विशेष शिक्षा

(4) बहुल–सांस्कृतिक शिक्षा

**11. Which of the following represents the correct matching of children in column-A with their primary characteristic in column-B ?**

| Column-A | Column-B |
|---|---|
| i. Gifted | a. Lacks reading fluency |
| ii. Learning disabled | b. Can think of original solutions |
| iii. Creative | c. Tendency to get distracted easily |
| iv. Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD) | d. Ability to learn quickly and independency |

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | b | a |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | d | c | a | b |
| (4) | a | b | d | c |

**12. Children learn effectively when –**

(1) the teacher fully controls everything that happens in the class including the children.
(2) they memorise facts given in the textbook.
(3) they copy answers written by the teacher on the blackboard.
(4) they actively participate in different activities and tasks.

**13. Children should _________ questions in the class.**

(1) be encouraged to ask
(2) be discouraged to ask
(3) not be allowed to ask
(4) be stopped from asking

**14. Which of the following is NOT a key process through which meaningful learning occurs ?**

(1) Memorization and recall
(2) Repetition and practice
(3) Instruction and direction
(4) Exploration and interaction

**11. निम्नलिखित में से कौन सा स्तम्भ–क के बच्चों को स्तम्भ–ख में उनकी प्राथमिक विशेषताओं के सही मिलान को प्रस्तुत करता है ?**

| स्तम्भ–क | स्तम्भ–ख |
|---|---|
| i. प्रतिभाशाली | a. धाराप्रवाह पढ़ने में कमी है । |
| ii. अधिगम अशक्तता | b. मूल समाधानों के बारे में सोच सकता है । |
| iii. सृजनात्मक | c. आसानी से विचलित होने की आदत है । |
| iv. अवधान कमी अतिसक्रियता व्यतिक्रम (ADHD) | d. शीघ्रता से एवं स्वतंत्र रूप से सीखने की योग्यता |

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | b | a |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | d | c | a | b |
| (4) | a | b | d | c |

**12. बच्चे प्रभावी रूप से सीखते हैं जब –**

(1) शिक्षक कक्षा में होने वाली सभी घटनाओं व बच्चों को पूर्ण रूप से नियंत्रित करता है ।
(2) वे पाठ्यपुस्तक में दिए गए तथ्यों को याद करते हैं ।
(3) वे श्यामपट पर अध्यापक के द्वारा लिखे गए उत्तरों की नकल करते हैं ।
(4) वे विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं ।

**13. बच्चों को कक्षा में प्रश्न –**

(1) पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए ।
(2) पूछने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए ।
(3) पूछने की अनुमति नहीं देनी चाहिए ।
(4) पूछने से रोकना चाहिए ।

**14. निम्नलिखित में से कौन सी एक मुख्य प्रक्रिया नहीं है जिसके द्वारा सार्थक अधिगम घटित होता है ?**

(1) कंठस्थीकरण एवं स्मरण
(2) पुनरावृत्ति एवं अभ्यास
(3) निर्देश एवं संचालन
(4) अन्वेषण एवं पारस्परिक क्रिया

**15. When teachers have positive beliefs about students and their abilities, the students –**

(1) are eager and motivated to learn.

(2) become relaxed and stop putting in any efforts to learn.

(3) become demotivated and stressed.

(4) are not affected in any way.

**16. Children's errors –**

(1) reflect how careless children are.

(2) should be immediately corrected by asking them to do repeated practice

(3) are a part of learning and give an insight into their thinking.

(4) are insignificant in the teaching-learning process.

**17. Assessment –**

(1) should be undertaken as a separate activity.

(2) should be a part of the teaching-learning process.

(3) should be done only in terms of marks.

(4) should be based on objective type written tasks.

**18. In a constructivist frame, learning is –**

(1) active and social in its character.

(2) passive and individualistic.

(3) the process of acquisition of knowledge.

(4) a change in behaviour as a result of experience.

15. जब शिक्षक को विद्यार्थियों एवं उनकी योग्यताओं के बारे में सकारात्मक विश्वास होता है तब विद्यार्थी –

(1) सीखने के लिए उत्सुक एवं प्रेरित रहते हैं ।

(2) निश्चिन्त हो जाते हैं तथा सीखने के लिए किसी भी तरह का प्रयास करना बंद कर देते हैं ।

(3) का उत्साह भंग हो जाता है तथा वे दबाव में आ जाते हैं ।

(4) किसी भी रूप में प्रभावित नहीं होते हैं ।

16. बच्चों की गलतियाँ _____

(1) प्रदर्शित करती हैं कि बच्चे कितने लापरवाह हैं ।

(2) बार-बार अभ्यास करने के लिए कह कर तुरंत सुधार देनी चाहिए ।

(3) अधिगम का एक भाग हैं तथा उनके विचारों में एक अंतर्दृष्टि देती हैं ।

(4) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में महत्त्वहीन हैं ।

17. मूल्यांकन को _____

(1) एक अलग गतिविधि के रूप में लेना चाहिए ।

(2) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक भाग होना चाहिए ।

(3) केवल नम्बरों के संदर्भ में करना चाहिए ।

(4) वस्तुनिष्ठ प्रकार के लिखित कार्यों पर आधारित होना चाहिए ।

18. संरचनात्मक दृष्टिकोण के अनुसार, अधिगम _____ है ।

(1) एक सक्रिय एवं सामाजिक प्रक्रिया

(2) एक निष्क्रिय एवं व्यक्तिपरक प्रक्रिया

(3) जानकारी के अर्जन की प्रक्रिया

(4) अनुभव के परिणाम के रूप में व्यवहार में एक परिवर्तन होने की प्रक्रिया

**19. What principle does the following highlight ?**

**"Students who do not perform well, feel that they are not 'good enough' and feel demotivated. They are then likely to give up easily without trying or persisting in doing tasks."**

(1) Cognition and emotions are not separable.

(2) Cognition and emotions are not related.

(3) Heredity and environment are not separable.

(4) Heredity and environment are not related.

**20. A teacher can encourage children to become effective problem solvers by –**

(1) writing step-by-step solution to all the questions in the textbook.

(2) giving them plenty of opportunities to answer similar kinds of questions from the textbook.

(3) emphasizing on rote memorisation of the information given in the textbook.

(4) encouraging children to make intuitive guesses and to look at multiple solutions to the problem.

**21. Use of methods where learner's own initiative and efforts are involved is an example of –**

(1) Inter-personal intelligence

(2) Deductive method

(3) Learner-centered method

(4) Traditional method

**19. नीचे लिखी हुई स्थिति किस सिद्धांत को दर्शाती है ?**

**"जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, वे महसूस करते हैं कि वे "पर्याप्त रूप से अच्छे" नहीं हैं और हतोत्साहित महसूस करते हैं । तब उनमें बिना प्रयास के कार्य को आसानी से छोड़ देने की संभावना है ।"**

(1) संज्ञान एवं संवेग अलग नहीं हैं ।

(2) संज्ञान एवं संवेग संबंधित नहीं हैं ।

(3) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण अलग नहीं हैं ।

(4) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण संबंधित नहीं हैं ।

**20. एक शिक्षक बच्चों को प्रभावी रूप से समस्या का समाधान करने में सक्षम बनने के लिए किस तरह से प्रोत्साहित कर सकती है ?**

(1) पाठ्यपुस्तक के सभी प्रश्नों के व्यवस्थित तरीके से समाधान लिखकर ।

(2) पाठ्यपुस्तक से एक ही प्रकार के प्रश्नों के उत्तर के अभ्यास के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में अवसर प्रदान करके ।

(3) पाठ्यपुस्तक में दी गई सूचनाओं के कंठस्थीकरण करने पर बल देकर ।

(4) बच्चों को समस्या के बारे में सहजानुभूत अनुमान लगाने एवं बहु-विकल्पों को देखने के लिए प्रोत्साहित करके ।

**21. वह विधियाँ जिनके प्रयोग में विद्यार्थियों की स्व पहल व प्रयास शामिल हैं, निम्न में से किसका उदाहरण हैं ?**

(1) अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि

(2) निगमनात्मक विधि

(3) अधिगमकर्त्ता केंद्रित विधि

(4) परम्परागत विधि

**22. Which of the following statements about intelligence is correct ?**

(1) Intelligence is the ability to think convergently.
(2) Intelligence is a relatively permanent change in behaviour as a result of experience.
(3) Intelligence is hereditary trait that involves mental activities such as memory and reasoning.
(4) Intelligence is multi-dimensional involving several abilities not entirely measureable by intelligence tests.

**23. Which of the following is the primary socialising agency ?**

(1) Family
(2) School
(3) Government
(4) Media

**24. The major proposition of Jean Piaget's theory is that –**

(1) Children's thinking is inferior to adults.
(2) Children's thinking is superior to adults.
(3) Children's thinking is quantitatively different from adults.
(4) Children's thinking is qualitatively different from adults.

**25. Gender is a/an –**

(1) biological determinant
(2) psychological entity
(3) social construct
(4) economic concept

**26. Which of the following correctly identifies the broad domains of development ?**

(1) Physical; cognitive; social and emotional
(2) Emotional; intellectual; spiritual and self
(3) Physical; personality; spiritual and emotional
(4) Social; physical; personality; self

22. बुद्धि के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?

(1) बुद्धि अभिसारी रूप से सोचने की योग्यता है ।
(2) बुद्धि अनुभव के परिणाम के रूप में व्यवहार में एक अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन है ।
(3) बुद्धि एक आनुवंशिक विशेषक है जिसमें मानसिक गतिविधियाँ जैसे स्मरण एवं तर्क शामिल होती हैं ।
(4) बुद्धि बहु–आयामी है जिसमें बुद्धि परीक्षणों के द्वारा पूर्ण रूप से परिमेय न की जाने वाली कई योग्यताएँ शामिल हैं ।

23. निम्नलिखित में कौन प्राथमिक सामाजीकरण माध्यम है ?

(1) परिवार
(2) विद्यालय
(3) सरकार
(4) मीडिया

24. जीन पियाजे के सिद्धांत का प्रमुख प्रस्ताव है कि –

(1) बच्चों की सोच वयस्कों से निम्न होती है ।
(2) बच्चों की सोच वयस्कों से बेहतर होती है ।
(3) बच्चों की सोच मात्रात्मक रूप में वयस्कों से भिन्न होती है ।
(4) बच्चों की सोच गुणात्मक रूप में वयस्कों से भिन्न होती है ।

25. जेंडर –

(1) एक जैविक निर्धारक है ।
(2) एक मनोवैज्ञानिक सत्ता है ।
(3) एक सामाजिक संरचना है ।
(4) एक आर्थिक अवधारणा है ।

26. निम्नलिखित में से कौन विकास के व्यापक आयामों की सही पहचान करता है ?

(1) शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक
(2) संवेगात्मक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं स्व
(3) शारीरिक, व्यक्तित्व, आध्यात्मिक एवं संवेगात्मक
(4) सामाजिक, शारीरिक, व्यक्तित्व, स्व

**27. Which of the following statements regarding children and their learning is correct ?**

(1) All children are naturally motivated to learn and are capable of learning.

(2) Children's motivation to learn and their capability to learn is pre-determined by heredity only.

(3) Children's socio-economic background determines and limits their motivation and learning capability.

(4) Children have to be rewarded and punished to make them motivated for learning.

**28. In progressive-education children are seen as –**

(1) miniature adults

(2) passive imitators

(3) active explorers

(4) blank slates

**29. According to Lev Vygotsky, learning is –**

(1) a social activity

(2) an individual activity

(3) a passive activity

(4) a conditioned activity

**30. Which of the following characterizes a child in the preoperational stage ?**

(1) Circular reactions

(2) Goal-directed behaviour

(3) Deferred Imitation

(4) Irreversibility of thought

**27. बच्चों और उनके अधिगम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) सभी बच्चे सीखने के लिए स्वाभाविक रूप से प्रेरित होते हैं तथा सीखने में सक्षम हैं ।

(2) बच्चों को सीखने के लिए अभिप्रेरणा तथा सीखने के लिए उनकी सक्षमता केवल आनुवंशिकता के द्वारा पूर्व निर्धारित है ।

(3) बच्चों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि उनकी प्रेरणा एवं अधिगम सक्षमता को निर्धारित व सीमित करती है ।

(4) बच्चों को अधिगम हेतु प्रेरित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत एवं दंडित करना होता है ।

**28. प्रगतिशील शिक्षा में बच्चों को किस तरह से देखा जाता है ?**

(1) छोटे वयस्कों के रूप में

(2) निष्क्रिय अनुकारकों के रूप में

(3) सक्रिय अन्वेषकों के रूप में

(4) खाली स्लेटों के रूप में

**29. लेव वायगोट्स्की के अनुसार अधिगम –**

(1) एक सामाजिक गतिविधि है ।

(2) एक व्यक्तिगत गतिविधि है ।

(3) एक निष्क्रिय गतिविधि है ।

(4) एक अनुबंधित गतिविधि है ।

**30. निम्नलिखित में से कौन सा पूर्व क्रियात्मक अवस्था काल के बच्चे को विशेषित करता है ?**

(1) वर्तुल प्रतिक्रिया

(2) लक्ष्य-निर्देशित व्यवहार

(3) विलंबित अनुकरण

(4) विचारों की अनुत्क्रमणीयता

## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. A beaker is 3/7th filled with water. Another 16 L of water is needed to fill the beaker to its brim. What is the capacity of the beaker ?**

(1) 14 L
(2) 50 L
(3) 100 L
(4) 28 L

**32. Which of the following represents descending order of numbers ?**

(1) 3.05, 3.005, 3.50, 3.055, 30.5, 0.355
(2) 30.5, 3.50, 3.055, 3.05, 3.005, 0.355
(3) 30.5, 3.50, 3.05, 3.055, 3.005, 0.355
(4) 30.5, 3.05, 3.055, 3.50, 3.005, 0.355

**33. A shopkeeper mixed 5.3 kg of almonds, 2100 g of raisin, 2.2 kg of cashews and packed the mixture equally into two dozen packets. What is the weight to each packet ?**

(1) 300 g
(2) 400 g
(3) 450 g
(4) 500 g

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31.** एक बीकर के 3/7 भाग में पानी है । बीकर को ऊपर तक पानी से भरने के लिए **16 L** पानी की आवश्यकता है । बीकर की धारिता क्या है ?

(1) 14 L
(2) 50 L
(3) 100 L
(4) 28 L

**32.** निम्नलिखित संख्याओं में कौन सी संख्याएँ अवरोही क्रम को निरूपित करती हैं ?

(1) 3.05, 3.005, 3.50, 3.055, 30.5, 0.355
(2) 30.5, 3.50, 3.055, 3.05, 3.005, 0.355
(3) 30.5, 3.50, 3.05, 3.055, 3.005, 0.355
(4) 30.5, 3.05, 3.055, 3.50, 3.005, 0.355

**33.** एक दुकानदार ने **5.3** कि.ग्रा. बादाम, **2100** ग्रा. किशमिश और **2.2** कि.ग्रा. काजू को मिला दिया तथा इस मिश्रण के बराबर–बराबर दो दर्जन पैकेट बना दिए । प्रत्येक पैकेट का भार क्या होगा ?

(1) 300 ग्रा.
(2) 400 ग्रा.
(3) 450 ग्रा.
(4) 500 ग्रा.

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**34. What number am I ?**

**I am a 2 digit even number.**

**I am common multiple of 3, 4, 6.**

**I have total 9 factors.**

(1) 48

(2) 56

(3) 24

(4) 36

**35. Asha plans to save some money from household expenditure to buy a mobile phone. Every week she saves ₹ 50 on Monday, ₹ 100 on Wednesday and ₹ 80 on Friday and spends ₹ 60 from this on Sunday. How many weeks would she take to save enough to buy a mobile phone of ₹ 5,950 ?**

(1) 25

(2) 35

(3) 30

(4) 40

**34.** मैं कौन सी संख्या हूँ ?

मैं दो अंकों की सम संख्या हूँ ।

मैं 3, 4, 6 का सार्वगुणज हूँ ।

मेरे कुल 9 गुणनखण्ड हैं ।

(1) 48

(2) 56

(3) 24

(4) 36

**35.** आशा घर के खर्च में से कुछ रकम बचा कर एक मोबाइल फोन खरीदना चाहती है । प्रत्येक सप्ताह वह सोमवार को ₹ 50, बुधवार को ₹ 100 और शुक्रवार को ₹ 80 बचाती है तथा रविवार को इसमें से ₹ 60 खर्च कर देती है । उसे ₹ 5,950 का मोबाइल खरीदने के लिए कितने सप्ताह बचत करनी होगी ?

(1) 25

(2) 35

(3) 30

(4) 40

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**36.** **If $(11011)_2$ = $(________)_{10}$, then number in the blank space is**

(1) 22

(2) 27

(3) 30

(4) 33

**37.** **The side of a square is 10 cm. How many times will the new perimeter become if the side of the square is doubled ?**

(1) Remains same

(2) 4 times

(3) 3 times

(4) 2 times

**38.** **Which of the following letters have both horizontal and vertical lines of symmetry ?**

(1) A

(2) X

(3) C

(4) Y

**36.** **यदि $(11011)_2$ = $(________)_{10}$ है, तो रिक्त स्थान में संख्या है**

(1) 22

(2) 27

(3) 30

(4) 33

**37.** **एक वर्ग की भुजा 10 cm है । यदि वर्ग की भुजा दुगनी कर दी जाए तो नया परिमाप कितने गुणा हो जाएगा ?**

(1) समान रहेगा ।

(2) 4 गुणा

(3) 3 गुणा

(4) 2 गुणा

**38.** **निम्नलिखित में से किन अक्षरों में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर सममिति दोनों की रेखाएँ हैं ?**

(1) A

(2) X

(3) C

(4) Y

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

39. $72 \times 28 = 36 \times 4 \times$ _________.

**The number in the blank is**

**(A)** **multiple of 7**

**(B)** **a prime number**

**(C)** **less than 10**

**(D)** **an even number**

**(E)** **factor of 56**

**Which of the following is correct ?**

(1) (A), (B), (C)

(2) (A), (D), (B)

(3) (C), (D), (E)

(4) (A), (D), (E)

40. **What is the correct sequence a teacher of Class-III needs to follow to explain the concept of 'Quarter' (¼) to the students ?**

**(A)** **Write symbol of Quarter on black board.**

**(B)** **Provide concrete material and divides into Quarters.**

**(C)** **Show pictures representing 'Quarter'.**

(1) (A), (B), (C)

(2) (A), (C), (B)

(3) (B), (C), (A)

(4) (C), (A), (B)

39. $72 \times 28 = 36 \times 4 \times$ _________.

रिक्त स्थान की संख्या

**(A)** 7 का गुणज है ।

**(B)** एक अभाज्य संख्या है ।

**(C)** 10 से कम है ।

**(D)** एक सम संख्या है ।

**(E)** 56 का गुणनखण्ड है ।

निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(1) (A), (B), (C)

(2) (A), (D), (B)

(3) (C), (D), (E)

(4) (A), (D), (E)

40. कक्षा-III में चतुर्थांश $\left(\frac{1}{4}\right)$ की संकल्पना समझाने के लिए अध्यापक को कौन से उचित अनुक्रम का अनुसरण करने की आवश्यकता है ?

**(A)** चतुर्थांश के प्रतीक को श्यामपट्ट पर लिखना ।

**(B)** ठोस पदार्थ लेकर उसे चतुर्थांशों में बाँटना ।

**(C)** 'चतुर्थांश' को प्रदर्शित करने वाले चित्र दिखाना ।

(1) (A), (B), (C)

(2) (A), (C), (B)

(3) (B), (C), (A)

(4) (C), (A), (B)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**41.** **A Class-III student perform multiplication of 16 × 25 as follows :**

**$16 \times 25 = 8 \times 2 \times 5 \times 5$**

**$= 8 \times 5 \times 2 \times 5$**

**$= 40 \times 10$**

**$= 400$**

**Which property of multiplication has the student used in this question ?**

(1) Distributive law

(2) Associative law

(3) Repeated addition

(4) Inverse multiplication law

**42.** **How will you cater to the needs of visually challenged students of your classroom in an inclusive school ?**

(1) Make them sit with high achievers

(2) Use alternate teaching-learning methods and resources.

(3) Send them to special educator.

(4) Provide them extra time for practise.

**41.** **कक्षा III के छात्र ने 16 × 25 का गुणन इस प्रकार किया :**

**$16 \times 25 = 8 \times 2 \times 5 \times 5$**

**$= 8 \times 5 \times 2 \times 5$**

**$= 40 \times 10$**

**$= 400$**

**इस प्रश्न को हल करने के लिए छात्र ने गुणन के किस नियम का प्रयोग किया ?**

(1) वितरण सिद्धांत

(2) साहचर्य सिद्धांत

(3) पुनरावृत्त योग

(4) प्रतिलोम गुणन सिद्धांत

**42.** **समावेशित विद्यालय में आप अपनी कक्षा के दृष्टि–बाधित छात्रों की आवश्यकताओं को कैसे पूरा करेंगे ?**

(1) उन्हें उच्च उपलब्धि वाले छात्रों के साथ बैठा कर ।

(2) शिक्षण–अधिगम की वैकल्पिक प्रणालियों और साधनों का प्रयोग कर ।

(3) उन्हें विशेष शिक्षक के पास भेज कर ।

(4) उन्हें अभ्यास के लिए अतिरिक्त समय देकर ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**43. Which of the following is not a mathematical process ?**

(1) Transposition

(2) Visualisation

(3) Memorisation

(4) Estimation

**44. Which of the following is not related to early number concept ?**

(1) Classification

(2) Class inclusion

(3) Conservation

(4) Measurement

**45. Which of the following statements is true regarding 'Numeral' and 'Number' ?**

**(A) A numeral is a symbol used to represent number.**

**(B) Same number can be represented by different numerals.**

(1) Both (A) and (B) are incorrect.

(2) (A) is correct and (B) is incorrect.

(3) (B) is correct and (A) is incorrect.

(4) Both (A) and (B) are correct.

43. निम्नलिखित में से कौन सा गणितीय प्रक्रम नहीं है ?

(1) पक्षांतरण

(2) मानसदर्शन

(3) कंठस्थ करना

(4) आकलन करना

44. निम्नलिखित में से क्या प्रारंभिक संख्या संकल्पना से संबंधित नहीं है ?

(1) वर्गीकरण

(2) वर्ग समावेश

(3) संरक्षण

(4) मापन

45. 'संख्यांक' और 'संख्या' के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) संख्यांक एक प्रतीक है जिसे संख्या को प्रदर्शित करने के लिए प्रयोग किया जाता है ।

(B) एक संख्या को विभिन्न संख्यांकों द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है ।

(1) (A) और (B) दोनों ही अशुद्ध हैं ।

(2) (A) शुद्ध है और (B) अशुद्ध हैं ।

(3) (B) शुद्ध है और (A) अशुद्ध हैं ।

(4) (A) और (B) दोनों ही शुद्ध हैं ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**46.** **Read the following word problems on addition :**

**A.** **There are 15 oranges in one basket and 17 oranges in another basket. How many oranges are there altogether ?**

**B.** **The price of a mobile phone which is for ₹ 9,950 is increased by ₹ 375 after budget. What is the new price ?**

**Which of the following statements is correct ?**

(1) 'A' represents augmentation structure of addition whereas 'B' represents aggregation structure of addition.

(2) 'A' represents 'aggregation' structure of addition whereas 'B' represents 'augmentation' structure of addition.

(3) Both represents aggregation structure of addition.

(4) Both represents augmentation structure of addition.

**46.** **योग पर निम्नलिखित शाब्दिक समस्याओं को पढ़िए :**

**A.** **एक टोकरी में 15 संतरें हैं और दूसरी टोकरी में 17 संतरें हैं । सब मिला कर कितने संतरें हैं ?**

**B.** **एक ₹ 9,950 वाले मोबाइल फोन की कीमत में बजट के बाद ₹ 375 की वृद्धि हो गई । नई कीमत क्या है ?**

**निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**

(1) 'A' योग की संवर्धन संरचना प्रदर्शित करता है और 'B' योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करता है ।

(2) 'A' योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करता है और 'B' योग की संवर्धन संरचना को प्रदर्शित करता है ।

(3) दोनों ही योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करते हैं ।

(4) दोनों ही योग की संवर्धन संरचना को प्रदर्शित करते हैं ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**47. A teacher gives the following task to the students of class-IV :**

**"Arrange 25 tiles in all possible rectangular arrays."**

**Which of the following mathematical concepts can be addressed through this task ?**

(1) Volume, area, length

(2) Area, factors, perimeter

(3) Area, perimeter, volume

(4) Area, volume, length

**48. Identify the correct statement about the ability to conserve different physical quantities in 'measurement' as proposed by Piaget.**

(1) Conservation of weight is grasped before conservation of volume.

(2) Conservation of volume is grasped before conservation of mass.

(3) Conservation of weight is grasped before conservation of number.

(4) Conservation of length is grasped before conservation of number.

**47. एक अध्यापक कक्षा IV के छात्रों को निम्नलिखित कार्य देता है :**

**"25 टाइल को सभी संभव आयताकार व्यूहों में व्यवस्थित करें ।"**

**इस कार्य से निम्नलिखित में से कौन सी गणितीय अवधारणाओं को संबोधित किया जा सकता है ?**

(1) आयतन, क्षेत्रफल, लम्बाई

(2) क्षेत्रफल, गुणनखण्ड, परिमाप

(3) क्षेत्रफल, परिमाप, आयतन

(4) क्षेत्रफल, आयतन, लम्बाई

**48. पियाजे के प्रस्ताव के अनुसार 'माप' में विभिन्न भौतिक राशियों के संरक्षण की योग्यता के विषय में सही कथन को पहचानिए ।**

(1) भार के संरक्षण की समझ आयतन के संरक्षण से पहले आती है ।

(2) आयतन के संरक्षण की समझ द्रव्यमान के संरक्षण से पहले आती है ।

(3) भार के संरक्षण की समझ संख्याओं के संरक्षण से पहले आती है ।

(4) लम्बाई के संरक्षण की समझ संख्याओं के संरक्षण से पहले आती है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**49. Van Hiele's levels refers to stages in the development of**

(1) Number concept

(2) Place value

(3) Geometrical thinking

(4) Fractions

**50. Which one of the following sets are Problem Solving Strategies in Mathematics ?**

(1) Trial-error, drawing, memorisation

(2) Drawing, working back, rote learning

(3) Reasoning, using variable, look for a pattern

(4) Memorisation, Guess & test, drawing

**49. वॉन हेले के स्तर जिस विकास की अवस्थाओं का संकेत करते हैं, वह है**

(1) संख्या की संकल्पना

(2) स्थानीय मान

(3) ज्यामितीय चिंतन

(4) भिन्न

**50. निम्नलिखित समुच्चयों में से कौन सा गणित में प्रश्न हल करने का कौशल है ?**

(1) प्रयत्न–त्रुटि विधि, चित्रांकन करना, कंठस्थ करना ।

(2) चित्रांकन करना, पीछे से हल करना, रट लेना ।

(3) विवेचन करना, चर का प्रयोग करना, प्रतिरूप देखना ।

(4) कंठस्थ करना, अनुमान लगाकर परीक्षण करना, चित्रांकन करना ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**51. Which of the following teaching-learning resources is best suited to explain the concept of multiplication of two decimal numbers say 0.3 × 0.2 = 0.06 ?**

(1) Dienes blocks

(2) Taylor's abacus

(3) Number chart

(4) Graph paper

**52. As per the recommendation of NCF 2005, Primary School mathematics curriculum should**

(1) relate to children's everyday experiences.

(2) focus on procedural knowledge

(3) provide rigour in mathematical concepts

(4) prepare children for advanced mathematics.

**51. दो दशमलव वाली संख्याओं के गुणन जैसे कि 0.3 × 0.2 = 0.06 की संकल्पना को समझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण–अधिगम साधन उचित है ?**

(1) डाइनिस ब्लॉक्स (Dienes blocks)

(2) टेलर का गिनतारा (Taylor's abacus)

(3) संख्या चार्ट

(4) ग्राफ पेपर

**52. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) 2005 की अनुशंसा के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों का गणित पाठ्यक्रम**

(1) छात्रों के प्रतिदिन के अनुभवों से संबंधित होना चाहिए ।

(2) कार्यविधिक ज्ञान पर केंद्रित होना चाहिए ।

(3) गणितीय संकल्पनाओं में कठोरता देने वाला होना चाहिए ।

(4) छात्रों को प्रगामी गणित के लिए तैयार करने वाला होना चाहिए ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**53. Which of the following is <u>not</u> a characteristic of effective mathematics pedagogy ?**

(1) Using various teaching-learning strategies for a single concept.

(2) Following strict time rules when introducing a new concept.

(3) Focussing patterns of students errors.

(4) Making connections with everyday experiences.

**54. Which of the following is <u>not</u> an effective strategy to assess primary level students' learning in mathematics ?**

(1) Designing tasks to differentiate between rote memorisation and conceptual understanding.

(2) Analysing children's errors to understand their reasoning.

(3) Designing tasks which elicit more than one level of response.

(4) Using primarily group administered tasks.

**53. गणितीय अध्यापन को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता <u>नहीं</u> है ?**

(1) एक ही संकल्पना के लिए विभिन्न शिक्षण-अधिगमों का प्रयोग

(2) एक नई संकल्पना का परिचय देने के लिए समय के नियम का कठोरता से पालन करना ।

(3) छात्रों की त्रुटियों के प्रतिरूपों पर केंद्रित होना ।

(4) प्रतिदिन के अनुभवों के साथ संबंध स्थापित करना ।

**54. प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के गणित अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी प्रभावशाली योजना <u>नहीं</u> है ?**

(1) ऐसे कार्यों की अभिकल्पना की जाए कि यत्रंवत् रटने और संकल्पना समझ में अन्तर किया जा सके ।

(2) विद्यार्थियों की त्रुटियों को जानकर उनके तर्क का विश्लेषण किया जाए ।

(3) ऐसे कार्यों की अभिकल्पना की जाए जिनमें एक से अधिक स्तर के उत्तर प्राप्त हो सकते हैं ।

(4) मुख्यत: समूह संचालित कार्यों का प्रयोग किया जाए ।

**55. How many quarters are there in $18\frac{3}{4}$ ?**

(1) 68

(2) 75

(3) 72

(4) 35

**56. In a school, half of students play badminton, one-fourth (1/4$^{th}$) play volleyball, one-eighth (1/8$^{th}$) play tennis, one-sixteenth (1/16$^{th}$) play chess and remaining go for swimming. If the number of students playing volleyball is 160, how many students play chess ?**

(1) 40

(2) 120

(3) 80

(4) 20

**55. $18\frac{3}{4}$ में कितने चतुर्थांश हैं ?**

(1) 68

(2) 75

(3) 72

(4) 35

**56. एक स्कूल में, आधे छात्र बैडमिंटन खेलते हैं, 1/4 छात्र वॉलीबॉल खेलते हैं, 1/8 टेनिस खेलते हैं, 1/16 छात्र शतरंज खेलते हैं और बाकी तैराकी के लिए जाते हैं । यदि वॉलीबॉल खेलने वाले छात्रों की संख्या 160 है, तो कितने छात्र शतरंज खेलते हैं ?**

(1) 40

(2) 120

(3) 80

(4) 20

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**57.** **Deepa goes to a post-office to post/mail letters and parcels. The postal rates depicted are as below :**

| | |
|---|---|
| **Letter Weighing :** | |
| **(i) 20 g or less** | **– ₹ 5.00** |
| **(ii) Per every additional 20 g** | **– ₹ 2.00** |
| **Parcel Weighing :** | |
| **(i) 50 g or less** | **– ₹ 5.00** |
| **(ii) For every additional 50 g** | **– ₹ 3.00** |

**Deepa wants to send two parcels weighing 250 g and 300 g respectively and two letters each to 20 g and 35 g respectively. How much postal charge does she have to pay ?**

(1) ₹ 41

(2) ₹ 48

(3) ₹ 39

(4) ₹ 49

**58.** **Digits 2, 3, 4, 6, 7, 8 are arranged in the following blanks :**

```
    ___ ___ ___
+   ___ ___ ___
```

**The largest possible number after addition is**

(1) 808

(2) 1605

(3) 1560

(4) 1308

**57.** दीपा एक डाकघर में पत्र और पार्सल डाक से भेजने के लिए जाती है । डाक की दरें इस प्रकार चित्रित की गई हैं :

| | |
|---|---|
| पत्र का भार : | |
| **(i) 20 ग्रा. या उससे कम** | **– ₹ 5.00** |
| **(ii) प्रत्येक अतिरिक्त 20 ग्रा. के लिए** | **– ₹ 2.00** |
| पार्सल का भार : | |
| **(i) 50 ग्रा. या उससे कम** | **– ₹ 5.00** |
| **(ii) प्रत्येक अतिरिक्त 50 ग्रा. के लिए** | **– ₹ 3.00** |

दीपा दो पार्सल क्रमशः **250** ग्रा. और **300** ग्रा. भार के और दो पत्र क्रमशः **20** ग्रा. और **35** ग्रा. भार के भेजना चाहती है । उसे कितना डाक शुल्क देना होगा ?

(1) ₹ 41

(2) ₹ 48

(3) ₹ 39

(4) ₹ 49

**58.** अंकों **2, 3, 4, 6, 7, 8** को निम्नलिखित रिक्त स्थानों में व्यवस्थित किया गया हैं :

```
    ___ ___ ___
+   ___ ___ ___
```

योग करने पर अधिकतम संभव संख्या होगी

(1) 808

(2) 1605

(3) 1560

(4) 1308

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

59. **Read the following Railway timings of New Delhi – Chennai Rajdhani express and answer the question :**

| Station | Arrival | Departure |
|---|---|---|
| New Delhi | – | 15:55 |
| Bhopal | 23:55 | 00:05 |
| Nagpur | 05:25 | 05:35 |
| Vijaywada | 14:15 | 14:30 |
| Chennai | 20:45 | end |

**Which of the following statements is true ?**

(1) The duration of Journey from Bhopal to Vijaywada is 13 hr. 10 min.

(2) The duration of Journey from Nagpur to Chennai is 15 hr. 10 min.

(3) The duration of Journey from New Delhi to Nagpur is 11 hr. 30 min.

(4) The duration of Journey from Bhopal to Chennai is 21 hr. 40 min.

60. **A whole number is added to 50 and the same number is subtracted from 50. The sum of the resulting numbers is**

(1) 25

(2) 50

(3) 0

(4) 100

59. **नई दिल्ली–चेन्नई राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी की निम्नलिखित रेलवे समय सारिणी को पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | – | 15:55 |
| भोपाल | 23:55 | 00:05 |
| नागपुर | 05:25 | 05:35 |
| विजयवाड़ा | 14:15 | 14:30 |
| चेन्नई | 20:45 | समाप्ति |

**निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**

(1) भोपाल से विजयवाड़ा की यात्रा का समय 13 घंटे 10 मिनट का है ।

(2) नागपुर से चेन्नई की यात्रा का समय 15 घंटे 10 मिनट का है ।

(3) नई दिल्ली से नागपुर की यात्रा का समय 11 घंटे 30 मिनट का है ।

(4) भोपाल से चेन्नई की यात्रा का समय 21 घंटे 40 मिनट का है ।

60. **50 में एक पूर्ण संख्या जोड़ी जाती है और फिर वही संख्या 50 में से घटा दी जाती है । प्राप्त हुई दोनों संख्याओं का जोड़ है –**

(1) 25

(2) 50

(3) 0

(4) 100

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

## PART – III / भाग – III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61. Which of the following is NOT obtained from petroleum ?**

(1) Diesel
(2) Wax
(3) Grease
(4) Coal

**62. Select from the following a set of festivals celebrated on the full-moon day.**

(1) Diwali, Guru Nanak's Birthday, Rakshabandhan
(2) Holi, Mahashivratri, Buddhajayanti
(3) Holi, Rakshabandhan, Guru Nanak's Birthday
(4) Diwali, Mahashivratri, Guru Nanak's Birthday

**63. Which one of the following groups of states has a coast on Arabian sea ?**

(1) Karnataka, Kerala, Gujarat
(2) Andhra Pradesh, Telangana, Odisha
(3) Kerala, Karnataka, West Bengal
(4) Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Karnataka

**64. Where is Jharkhand located on the map of our country ?**

(1) West of Uttar Pradesh
(2) East of West Bengal
(3) North of Odisha
(4) South-East of Chhattisgarh

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

61. निम्नलिखित में से क्या 'पेट्रोलियम' से प्राप्त नहीं होता ?

(1) डीज़ल
(2) मोम
(3) ग्रीस
(4) कोयला

62. निम्नलिखित में से त्योहारों के उस समूह को चुनिए जिन्हें पूर्णिमा को मनाया जाता है :

(1) दिवाली, गुरुनानक जन्म दिवस, रक्षाबन्धन
(2) होली, महाशिवरात्रि, बुद्ध जयन्ती
(3) होली, रक्षाबन्धन, गुरुनानक जन्म दिवस
(4) दिवाली, महाशिवरात्रि, गुरुनानक जन्म दिवस

63. निम्नलिखित राज्यों के समूहों में से किस एक समूह के समुद्रतट अरब सागर पर हैं ?

(1) कर्नाटक, केरल, गुजरात
(2) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा
(3) केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल
(4) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक

64. हमारे देश के मानचित्र में झारखण्ड कहाँ स्थित है ?

(1) उत्तर प्रदेश के पश्चिम में
(2) पश्चिम बंगाल के पूर्व में
(3) ओडिशा के उत्तर में
(4) छत्तीसगढ़ के दक्षिण–पूर्व में

**65. You are located at X and your school is located at Y. There is no straight path from your house to school. So, you first go to A which is 30 m due north of X, then go to B which is 40 m due west of A, then go to C which is 30 m due north of B and finally you reach your school at Y which is 40 m due west of C. With respect to your school the correct direction of your house is**

(1) North-West

(2) Due South

(3) Due East

(4) South-East

**66. A boy boarded a train on 30th June, 2019 at Madgaon for Nagarcoil. The train departed at 09:45 hours from Madgaon and reached Nagarcoil at 07:15 hours on the next day. If the distance covered by the train during this time interval is 1140 km, the average speed of the train was**

(1) 51.5 km/h

(2) 53 km/h

(3) 54.5 km/h

(4) 57 km/h

**67. In one of the forests of our country the village council (Panchayat) allots the land to the forest people (Adivasis) for farming in a special unit called 'tin'. What is tin ?**

(1) A land with dimensions 100 m × 100 m

(2) A land on which a farmer grows one tin of seeds

(3) A land from which a farmer produces one tin of seeds

(4) A unit of land specially designed for the farmers of the forests.

**65.** आप **X** पर स्थित हैं और आपका विद्यालय **Y** पर स्थित है । आपके घर से आपके विद्यालय तक जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है । अत: आप पहले **A** पर जाते हैं जो **X** के ठीक उत्तर में **30 m** दूरी पर है, फिर आप **B** पर जाते हैं जो **A** के ठीक पश्चिम में **40 m** दूरी पर है, फिर आप **C** पर जाते हैं जो **B** के ठीक उत्तर में **30 m** दूरी पर है और अन्त में आप **Y** पर अपने विद्यालय पहुँचते हैं, जो **C** के ठीक पश्चिम में **40 m** दूरी पर है । विद्यालय के सापेक्ष आपके घर की सही दिशा क्या है ?

(1) उत्तर–पश्चिम

(2) ठीक दक्षिण

(3) ठीक पूर्व

(4) दक्षिण–पूर्व

**66.** कोई लड़का मड़गाँव से **30** जून **2019** को किसी रेलगाड़ी में सवार हुआ । यह रेलगाड़ी **09.45** बजे मड़गाँव से चली तथा अगले दिन **07.15** बजे नगरकोइल पहुँची । यदि इस समय अन्तराल में रेलगाड़ी द्वारा तय की गयी दूरी **1140 km** है, तो रेलगाड़ी की औसत चाल क्या थी ?

(1) 51.5 km/h

(2) 53 km/h

(3) 54.5 km/h

(4) 57 km/h

**67.** हमारे देश के एक जंगल में उस जंगल के लोगों (आदिवासी) को खेती के लिए जमीन ग्राम सभा (पंचायत) द्वारा एक विशेष मात्रक (यूनिट अथवा इकाई) में जिसे 'टिन' कहते हैं, आवंटित की जाती है । टिन क्या है ?

(1) वह भूमि जिसकी विमाएँ 100 m × 100 m हैं ।

(2) वह भूमि जिस पर कोई किसान एक टिन बीज बोता है ।

(3) वह भूमि जिससे कोई किसान एक टिन बीज उत्पन्न करता है ।

(4) यह भूमि का मात्रक है जिसकी अभिकल्पना विशेष रूप से जंगलों के किसानों के लिए की गयी है ।

**68. In which one of the following cities the mountains of sand called "Sand Dunes" are found ?**

(1) Kabul

(2) Abu Dhabi

(3) Berlin

(4) Thimpu

**69. We all observe old wells which have dried up. Our elders say that about 25-30 years ago there was sufficient water in the wells, but now these have completely dried up. Select from the following the possible correct reasons for drying up of water in the wells.**

**A. The lakes (ponds) in which rain water used to collect are no longer there.**

**B. The soil around the trees, well and nearby area is now covered with coaltar/cement.**

**C. No one uses wells as there are taps in every house.**

**D. A number of electric motor driven pumps have come up to draw underground water.**

(1) A, B and C

(2) B, C and D

(3) C, D and A

(4) A, B and D

**70. In EVS concepts and issues have not been compartmentalized into science and social science. Why ?**

(1) Syllabus of EVS has been prescribed as such by CBSE.

(2) The child looks at her/his environment in holistic manner.

(3) It is a good teaching-learning strategy.

(4) It is for decreasing the syllabus load.

68. नीचे दिए गए शहरों में से किस एक में रेत के पहाड़, जिन्हें 'रेत के टीले' कहा जाता है, पाए जाते हैं ?

(1) काबूल

(2) आबू धाबी

(3) बर्लिन

(4) थिम्पू

69. हम सभी पुराने कुओं को देखते हैं जो अब सूख गए हैं । हमारे बड़े यह कहते हैं कि अब से लगभग 25-30 साल पहले इन कुओं में काफी पानी था, परन्तु अब ये पूरी तरह सूख गए हैं । निम्नलिखित में से कुओं के सूखने के संभावित सही कारणों को चुनिए :

**A.** जिन झीलों (तालाबों) में वर्षा का पानी इकट्ठा होता था अब वहाँ नहीं हैं ।

**B.** पेड़ों, कुओं और आस-पास के क्षेत्रों की जमीन अब कोलतार / सीमेंट से ढक गयी है ।

**C.** कुओं का कोई उपयोग नहीं करता क्योंकि हर घर में टोंटियाँ लगी हैं ।

**D.** भूमिगत पानी को खींचने के लिए कई विद्युत मोटर चालित पम्प लग गए हैं ।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और A

(4) A, B और D

70. पर्यावरण अध्ययन में संकल्पनाओं और मुद्दों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के रूप में नहीं रखा गया है । क्यों ?

(1) सी.बी.एस.ई. के द्वारा पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को इसी प्रकार से निर्धारित किया है ।

(2) इस आयु वर्ग के बच्चे अपने परिवेश को समग्र रूप में देखते हैं ।

(3) यह शिक्षण-अधिगम की एक अच्छी युक्ति है ।

(4) यह पाठ्यक्रम के भार को कम करने के लिए है ।

**71. Which of the following is true w.r.t. EVS subject for classes I and II ?**

(1) Issues and concerns related to EVS are transacted through language.

(2) Issues and concerns related to EVS are transacted through language and mathematics.

(3) EVS is a new subject introduced at the classes I to II.

(4) EVS as subject is not easy to understand at classes I and II.

**72. In EVS themes have been proposed instead of topics in the syllabus. Why ?**

(1) For reducing chapters in EVS.

(2) To enhance the environmental comprehension of the learners.

(3) For developing connected and interrelated understanding of issues of the learners' local environment.

(4) Theme based EVS transaction is easy as compared to the topics.

**73. Which one of the following is <u>not</u> one of the six broad themes of EVS in the present syllabus ?**

(1) Food

(2) Shelter

(3) Things we make and do.

(4) Work and play

**71. निम्नलिखित में से कक्षा I और II के लिए पर्यावरण अध्ययन विषय के संदर्भ में सच है :**

(1) पर्यावरण अध्ययन से संबंधित मुद्दों और संबंधों का संपादन भाषा के द्वारा होता है ।

(2) पर्यावरण अध्ययन से संबंधित मुद्दों और संबंधों का संपादन भाषा और गणित के माध्यम से होता है ।

(3) कक्षा I और II में पर्यावरण अध्ययन को एक नए विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

(4) कक्षा I और II में एक विषय के रूप पर्यावरण अध्ययन समझने के लिए आसान नहीं है ।

**72. पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम में उपविषयों के स्थान पर थीम को प्रस्तावित किया गया है । क्यों ?**

(1) पर्यावरण अध्ययन में पाठों को कम करने के लिए ।

(2) बच्चों के परिवेशीय बोध में वृद्धि करने के लिए ।

(3) बच्चों के स्थानीय परिवेश के मुद्दों से जुड़े हुए और अंत: संबंधित समझ के विकास के लिए ।

(4) उपविषयों की तुलना में थीम आधारित पर्यावरण अध्ययन का संपादन आसान है ।

**73. निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के छ: मुख्य थीमों में से एक <u>नहीं</u> है ?**

(1) भोजन

(2) आवास

(3) हम चीज़ें कैसे बनाते हैं ?

(4) काम और खेल

**74. Which one of the following is <u>not</u> true w.r.t EVS ?**

(1) Nature of EVS is integrated.

(2) EVS is based on child centred learning.

(3) EVS provides opportunities to the learners to explore their environment.

(4) EVS emphasizes descriptions and definitions.

**75. Which one of the following is very important in constructing knowledge in EVS ?**

**A. Active participation of the learner.**

**B. Relating child's knowledge with the teachers knowledge.**

**C. Learning EVS outside the four walls of the classroom.**

**D. Relating child's local knowledge to the school knowledge.**

(1) A, C and D

(2) D only

(3) A only

(4) A and D only

**76. The most effective strategy to engage learners in EVS is __________.**

(1) Narratives

(2) Reading of textbook

(3) Explanations by teacher

(4) Classroom Demonstration

74. निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्यावरण-अध्ययन के संबंध में <u>सच</u> <u>नहीं</u> है ?

(1) पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति एकीकृत है ।

(2) पर्यावरण अध्ययन बालकेन्द्रित अध्ययन है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन बच्चों को अपने परिवेश को खोजने का अवसर देता है ।

(4) पर्यावरण अध्ययन वर्णनों और परिभाषाओं पर बल देता है ।

75. निम्नलिखित में से क्या एक पर्यावरण-अध्ययन में ज्ञान की रचना में बहुत ही महत्त्वपूर्ण है ?

A. बच्चों की सक्रिय भागीदारी ।

B. बच्चों के ज्ञान को शिक्षकों के ज्ञान से जोड़ना ।

C. पर्यावरण अध्ययन को कक्षा की चार दीवारी से बाहर सीखना ।

D. बच्चों के स्थानीय ज्ञान को विद्यालय के ज्ञान से संबंधित करना ।

(1) A, C और D

(2) केवल D

(3) केवल A

(4) केवल A और D

76. पर्यावरण अध्ययन में बच्चों को जोड़ने की सबसे प्रभावशाली युक्ति ____ है ।

(1) किस्से कहानियाँ

(2) पाठ्यपुस्तक का पठन

(3) शिक्षक द्वारा व्याख्याएँ

(4) कक्षा निदर्शन

**77. Children should be encouraged to tap sources other than textbooks and teachers in EVS. Why ?**

**A. Textbook and teacher are not the only sources of EVS learning.**

**B. It will promote the involvement of parents and communities.**

**C. It will provide opportunity to teachers to know the child's background.**

**D. It will develop psychomotor skills and aesthetic sense of the children.**

(1) B and C only

(2) A, B and C

(3) B, C and D

(4) C and D only

**78. A teacher always begins by conducting activities followed by questions and discussions. The objective of conducting activities, questions and discussion is to _____.**

**A. Assess the children's process skills**

**B. Provide an opportunity to the children to explore**

**C. Provide an opportunity to the children to express themselves**

**D. Discriminate between the children bases on their pace of learning**

(1) D only

(2) C only

(3) B, C and D

(4) A, B and C

77. पर्यावरण-अध्ययन में बच्चों को पाठ्यपुस्तकों और शिक्षकों के अलावा अन्य स्रोतों की मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए । क्यों ?

A. पर्यावरण-अध्ययन सीखने के लिए पाठ्यपुस्तक और शिक्षक ही स्रोत नहीं हैं ।

B. यह पर्यावरण-अध्ययन सीखने के लिए समुदायों और माता-पिताओं की उपस्थिति का विकास करेगा ।

C. यह शिक्षकों को बच्चों की पृष्ठभूमि को जानने का अवसर देगा ।

D. यह बच्चों के सौन्दर्यगत और मनो-क्रियात्मक कौशल का विकास करेगा ।

(1) केवल B और C

(2) A, B और C

(3) B, C और D

(4) केवल C और D

78. एक शिक्षक हमेशा क्रियाकलापों को कराने के बाद प्रश्नों और चर्चाओं का संचालन करता है ।

क्रियाकलापों, प्रश्नों और चर्चाओं के संचालन करने का उद्देश्य ____ है ।

A. बच्चों की प्रक्रिया कौशलों का आकलन ।

B. बच्चों को खोजने का अवसर देना ।

C. बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देना ।

D. बच्चों में उनके सीखने की गति के आधार पर विभेद करना ।

(1) केवल D

(2) केवल C

(3) B, C और D

(4) A, B और C

**79. A teacher conducts an experiment on "How does food get spoilt ?"**

**Teacher makes groups of learners and provides them material related to the experiment. Why does teacher form groups of learners ?**

**A. It promotes peer learning.**

**B. It improves social interaction.**

**C. Group learning is effective way of learning EVS without burden.**

**D. Group learning is an essential strategy to maintain discipline in the class.**

(1) A and B only

(2) C and D only

(3) A and C only

(4) B and D only

79. एक शिक्षक, "खाना किस प्रकार से खराब होता है," पर एक प्रयोग करता है।

शिक्षक बच्चों के समूह बनाकर उनको प्रयोग से संबंधित सामग्री देता है। शिक्षक बच्चों के समूह क्यों बनाता है ?

A. यह सहपाठी अधिगम का समर्थन करता है।

B. यह बच्चों की सामाजिक अंत:क्रिया में सुधार करता है।

C. समूह अधिगम बिना बोझ के पर्यावरण अध्ययन के अधिगम का प्रभावशाली तरीका है।

D. कक्षा में अनुशासन को बनाए रखने के लिए समूह में अधिगम एक महत्त्वपूर्ण युक्ति है।

(1) केवल A और B

(2) केवल C और D

(3) केवल A और C

(4) केवल B और D

**80. Which of the following should <u>not</u> be the indicator for assessment in EVS ?**

(1) Concern for justice and equality

(2) Co-operation

(3) Remembering

(4) Questioning

80. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण-अध्ययन में आकलन के लिए संकेतक <u>नहीं</u> होना चाहिए ?

(1) न्याय और समानता के प्रति सरोकार

(2) सहभागिता

(3) याद करना

(4) प्रश्न पूछना

**81. In EVS, teachers should provide opportunities to the children to assess themselves. Self-assessment is ________.**

(1) CCE

(2) Assessment as learning

(3) Assessment of learning

(4) Assessment for learning

81. पर्यावरण अध्ययन में शिक्षक के द्वारा बच्चों को स्वयं अपने का आकलन के लिए अवसर देना चाहिए। स्व:आकलन है _____

(1) सी.सी.ई.

(2) सीखने के समान आकलन

(3) सीखने का आकलन

(4) सीखने के लिए आकलन

**82. Which technique is used in the rating scale ?**

(1) Written question

(2) Observation

(3) Checklist

(4) Assignments

**83. Which of the following is <u>not</u> the objective of teaching EVS ?**

(1) To nurture the curiosity and creativity of the child.

(2) To develop an awareness about environmental issues.

(3) To engage the child in exploratory and hands on activities.

(4) To encourage children to provide textbook definitions.

**84. Picture reading is an important activity in EVS. Which of the following indicator/indicators of learners can be assessed through picture reading ?**

**A. Observation and recording**

**B. Expression**

**C. Analysis**

**D. Experimentation**

(1) D only

(2) A, B and C

(3) A and C only

(4) A and B only

82. रेटिंग स्केल में कौन सी तकनीक का उपयोग होता है ?

(1) लिखित प्रश्न

(2) अवलोकन

(3) जाँच सूची

(4) अधिविन्यास

83. निम्नलिखित में से कौन पर्यावरण अध्ययन का उद्देश्य <u>नहीं</u> है ?

(1) बच्चों की जिज्ञासा और सृजनात्मकता का पोषण करना ।

(2) परिवेशीय मुद्दों पर जागरूकता का विकास करना ।

(3) बच्चे को स्वयं अपने हाथ से कार्य करने और खोजने की क्रियाकलापों से जोड़ना ।

(4) बच्चों को पाठ्यपुस्तक की परिभाषाएँ प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना ।

84. पर्यावरण अध्ययन में चित्र पढ़ना एक महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप है । निम्नलिखित में से कौन सा/से संकेतक/संकेतकों का बच्चों में आकलन चित्र पढ़ने के द्वारा हो सकता है ?

**A.** अवलोकन और अभिलेखन

**B.** अभिव्यक्ति

**C.** विश्लेषण

**D.** प्रयोग करना

(1) केवल D

(2) A, B और C

(3) केवल A और C

(4) केवल A और B

**85. In a hilly area it was observed that the people have built their houses using stones, mud, lime and wood. These houses have two floors. On the ground floor they provide space for animals to live and also store necessary things, on the first floor they stay. The roofs of the houses are flat and made of thick tree trunks. This hilly area is a part of**

(1) Arunachal Pradesh

(2) Meghalaya

(3) Himachal Pradesh

(4) Jammu and Kashmir

**86. Consider the following statements about the practices followed under "Jhoom farming" :**

**A. After obtaining one set of crops the land is left as it is for some years.**

**B. The bamboo or weeds which grow on the land are pulled out and burnt.**

**C. The ash obtained on burning the weeds etc. is used as fertilizer.**

**D. When the land is ready for farming it is deeply ploughed before dropping the seeds.**

**The correct statement(s) is/are**

(1) only A

(2) only D

(3) B and C

(4) A and D

85. किसी पर्वतीय क्षेत्र में प्रेक्षण करने पर यह पाया गया कि लोगों ने अपने घर पत्थर, मिट्टी, लकड़ी और चूने से बनाए हैं। यह घर दो मंजिले हैं। नीचे की मंजिल पर जानवरों को रखते है तथा जरूरत का सामान भी इकट्ठा करके रखते हैं। वह स्वयं पहली मंजिल पर रहते हैं। सभी घरों की छतें समतल हैं तथा इन्हें पेड़ों के मोटे तनों से बनाया गया है। यह पर्वतीय क्षेत्र नीचे दिए गए किस प्रदेश का भाग है ?

(1) अरुणाचल प्रदेश

(2) मेघालय

(3) हिमाचल प्रदेश

(4) जम्मू और कश्मीर

86. झूम खेती में अपनायी जाने वाली पद्धति के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. एक फसल प्राप्त करने (कटने) के बाद जमीन को कुछ साल तक ऐसे ही छोड़ देते हैं।

B. इस जगह जो बांस या खरपतवार (जंगल) उग आता है उसे उखाड़कर जला देते हैं।

C. खरपतवार (जंगल) आदि को जलाने पर प्राप्त राख को खाद की तरह काम में लाते हैं।

D. जब इस जमीन में खेती की बारी आती है, तो बीज छिड़कने से पहले इसे गहरा जोता जाता है।

सही कथन है / हैं

(1) केवल A

(2) केवल D

(3) B और C

(4) A और D

**87. Boiled tapioca with any curry made using coconut is a preferred food of the people of**

(1) Kerala

(2) West Bengal

(3) Bihar

(4) Tamil Nadu

**88. It is believed that the animals that are awake at night can see objects only in**

(1) violet and blue

(2) green and yellow

(3) orange and red

(4) black and white

**89. Earthworms are considered friends of the farmers. Select from the following the correct reasons for the same :**

**A. Earthworms eat the dead leaves and plants and their droppings fertilise the soil.**

**B. Earthworms eat the weeds and save the main crop.**

**C. Earthworms soften the soil by digging underneath.**

**D. The tunnels made by the earthworms provide easy passage to air and water into the soil.**

(1) A, B and C

(2) B, C and D

(3) C, D and A

(4) A and C only

**90. Tribal people have been using bronze to make many things since thousand of years. Bronze is still used in our houses. Select from the following the most correct statement about bronze.**

(1) It is an element like aluminium and copper.

(2) It is a mixture of copper and brass.

(3) It is a mixture of copper, zinc and aluminium.

(4) It is a mixture of copper and tin.

**87.** नारियल डली हुई किसी भी करी के साथ उबला हुआ टैपिओका निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का प्रिय भोजन है ?

(1) केरल

(2) पश्चिम बंगाल

(3) बिहार

(4) तमिलनाडु

**88.** आमतौर पर यह माना जाता है कि रात में जागने वाले जानवर हर चीज़ को जिस रंग में देखते हैं, वे रंग हैं

(1) बैंगनी और नीला

(2) हरा और पीला

(3) नारंगी और लाल

(4) काला और सफेद

**89.** केंचुओं को किसानों का मित्र माना जाता है । इसके लिए निम्नलिखित में से सही कारणों को चुनिए :

**A.** केंचुए मृत पत्तियों और पौधों को खाते हैं तथा इनके मल से जमीन उपजाऊ बनती है ।

**B.** केंचुए खरपतवार खाते हैं जिससे मुख्य फसल की रक्षा होती है ।

**C.** केंचुए जमीन में छेद बनाते हैं जिससे जमीन पोली हो जाती है ।

**D.** केंचुओं द्वारा बनाए गए छेदों से जमीन को आसानी से हवा और पानी मिल जाता है ।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और A

(4) केवल A और C

**90.** आदिवासी हज़ारों साल पहले से कांसे (ब्रांज) की चीज़ें बनाते आए हैं । आज भी हमारे घरों में कांसे का उपयोग होता है । काँसे के विषय में निम्नलिखित में से सबसे सही कथन चुनिए :

(1) यह ऐलुमिनियम और ताँबे (कॉपर) की भाँति एक तत्त्व हैं ।

(2) यह पीतल (ब्रास) और ताँबे (कॉपर) का मिश्रण है ।

(3) यह ताँबे (कॉपर), जस्ता (जिंक) तथा ऐलुमिनियम का मिश्रण है ।

(4) यह ताँबे (कॉपर) और टिन का मिश्रण है ।

## PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow. (91 to 99) :**

**The future of water will be a gamble – resting entirely on the way we decide to play the game here. Either we continue to use water irresponsibly, threatening the very existence of this planet, or we adopt sustainable and smart water management practices to build a water secure future.**

**By 2050, India's total water demand will increase by 32 percent from now. Industrial and domestic sectors will account for 85 percent of the additional demand. Over-exploitation of ground-water, failure to recharge acquifers and reduction in catchment capacities due to uncontrolled urbanisation are all causes of the precarious tilt in the water balance.**

**If the present rate of groundwater persists, India will have only 22 percent of the present daily per capita water available in 2050, possibly forcing the country to import its water.**

**Optimists believe that India's people some 1.7 billion by 2050, will have integrated water efficient practices into their daily lives. If the ambitious water sustainability goals set by global industries and governments are testament we dare say that the world has begun to recognize water as a resource after all.**

**While beverages giants are focussed on returning water to the communities where they manufacture their drinks, food processing players are engaging with farmers and upstream actors to minimise water usage across the supply claim and textile houses are evangelising the concept of sustainable fashion. Companies have realised the risks emanating from the possibility of a water-scarce future. This has triggered companies to re-engineer processes, implement water optimizing, technologies, establish water audit standards, and use a collaborative approach to deal with the water crisis.**

**91. Persistent ground water depletion will NOT necessitate :**

(1) import of water

(2) shutting down of industries

(3) adoption of smart water management technologies

(4) using water judiciously

**92. Optimists cannot pin their hope for better water management on :**

(1) integrating water efficient practices into daily use.

(2) reducing demand for water by using new technologies.

(3) discovering new ways of augmenting water supply.

(4) treating sea water for domestic and industrial sectors.

**93.** **The problem of acute water scarcity in future cannot be dealt with by companies through**

(1) establishing water audit standards.

(2) implementing water optimizing technologies

(3) discovering a viable substitute for water.

(4) re-engineering processes

**94.** **Which one of the following words is most similar in meaning to the word 'threatening' as used in the passage ?**

(1) frightening

(2) menacing

(3) coercing

(4) persisting

**95.** **Which one of the following words is most opposite to the meaning of the word 'increase' as used in the passage ?**

(1) decrease

(2) perceive

(3) achieve

(4) relieve

**96.** **Identify the clause in the underlined part of the following sentence :**

**He breathed his last in the village <u>where he was born</u>.**

(1) Noun clause

(2) Adjective clause

(3) Adverb clause

(4) Principal clause

**97.** **What part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**I do not know <u>why</u> he is so curious about it.**

(1) Adjective clause

(2) Noun clause

(3) Principal clause

(4) Adverb clause

**98.** **We will face a severe water-scarcity problem in future mostly because :**

(1) ground-water level water is steadily decreasing.

(2) water is not a renewable source.

(3) by 2050, demand for water will increase considerably.

(4) we do not use water responsibly.

**99.** **Which of the following will <u>NOT</u> lead to a severe water imbalance ?**

(1) flawless water infrastructure.

(2) over-exploitation of water.

(3) failure to recharge acquifers.

(4) uncontrolled urbanisation

**Directions : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

**All creation drinks with pleasure,**
**Drinks at Mother Nature's breast;**
**All the just, and all the evil,**
**Follow down her rosy path.**
**Kisses she bestowed, and grape wine,**
**Friendship true, proved e'en in death;**
**Every worm knows nature's pleasure,**
**Every cherub meets his God.**
**Gladly, like the planets flying**
**True to heaven's mighty plan,**
**Brothers, run your course now,**
**Happy as a knight in victory.**

**100. Which of the following does not support the idea that Mother Nature's love embraces all ?**

(1) All creation drinks at Mother Nature's heart.

(2) She bestows kisses on all her children.

(3) She loves all the just but not all the evil.

(4) She also blesses us with true friendship.

**101. What is the hallmark of a true friend ?**

(1) He saves you from troubles.

(2) He helps you to enjoy the fruits of nature.

(3) He proves true even in death.

(4) He can take on all the evils for you.

**102. Rosy path is followed by ________.**

(1) the just

(2) the evil

(3) both just and evil

(4) neither the just nor the evil

**103. Identify and name the figure of speech used in "All creation 'Drinks at Mother Nature's breast'".**

(1) Metonymy

(2) Simile

(3) Personification

(4) Alliteration

**104. What does the expression, "Brothers, run your course now' mean ?**

(1) Keep on moving towards your goal.

(2) Don't let failures upset you.

(3) Seek god's help when you are in difficulty.

(4) Cultivate a positive attitude to life.

**105. How can we say that God's creatures are most fortunate and happy ?**

(1) The world they live in lacks romance and beauty.

(2) They have no friends to share their joys and sorrows.

(3) They do not have enough pleasures at their disposal.

(4) They have a benevolent Mother Nature to look after them.

**Answer the following questions (Q Nos. 106 to 120) by selecting the most appropriate option out of the given options.**

**106. A Hindi speaking teacher gets posted in a primary school which is in the area of Punjab. Since he doesn't know the local language of that area. He should :**

(1) apply for the transfer to a Hindi speaking area.

(2) motivate the community to learn Hindi, as it's a national / official language.

(3) communicate in English as it is difficult for him to understand their local dialect.

(4) use the child's language as a resource and start teaching.

**107. While designing a working activity for a language class a teacher should most importantly focus on :**

(1) choosing a topic from their surroundings.

(2) giving clear instructions for the task.

(3) providing all the necessary vocabulary required for the task.

(4) assigning an authentic piece of writing task.

**108. Some children do not have exposure to English outside the classroom. So, the teacher's proficiency in spoken English is essential because :**

(1) the teacher can give more time to grammar drills.

(2) the teacher can edit the errors in student's learning process.

(3) the students may listen to and process the new language before they actually communicate in it.

(4) students can imitate, practise and drill the statements or sentences used by the teacher.

**109. Which of the following classroom practices helps a teacher to develop oral language among the students ?**

(1) Chorus reading of the text with the teacher.

(2) Chorus recitation/individual recitation of the poem after memorising it.

(3) Participating in role-plays on any one of their favourite scenes.

(4) Practising the correct pronunciation of new or unfamiliar words.

**110. In a constructivist classroom language learning would most importantly be based on :**

(1) group discussion and peer interaction.

(2) minute observation and record of each child's handwriting development.

(3) correction of spelling errors and making sure that they are not repeated.

(4) carefully completing the language syllabus.

**111. As a language teacher which one of the following is most important for you regarding teaching of grammar ?**

(1) Memorising grammar rules.

(2) Avoiding grammar rules.

(3) Using functional approach.

(4) Using grammar translation method.

**112. Which one of the following is a correct statement about a textbook ?**

(1) It is planning of educational activities for the session.

(2) A textbook is the final thing for the teacher.

(3) It helps to achieve the objectives laid down in the curriculum.

(4) The textbooks are the only source to read.

**113. The purpose of diagnostic test in language learning is to**

(1) give feedback to the parents in the PTMs.

(2) fill the progress report of students.

(3) plan and prepare question paper for summative assessment.

(4) know the gaps in learners understanding.

**114. The purpose of Continuous Comprehensive Evaluation (CCE) in language is :**

(1) to assess the students' understanding of the textbook.

(2) to assess their learning gaps.

(3) to give regular tests i.e. weekly tests.

(4) to assess the level of competencies achieved by the children.

**115. Under which act did English get the status of the associate official language ?**

(1) Official Language Act, Article-343

(2) Associate Official Language Act, Article-343

(3) Three Language Formula

(4) National Curriculum Framework

**116. A teacher is appreciating a child for his 'overall language use', though some of the words were misspelt by him. The teacher is using _______ approach in her class.**

(1) Structural

(2) Communicative

(3) Constructivist

(4) Whole language

**117. Which approach lays a lot of emphasis on habit formation ?**

(1) Cognitive approach

(2) Communicative approach

(3) Behaviouristic approach

(4) Eclectic approach

**118. In the context of 'theory of multiple intelligence' which one of the following intelligences is related to language ?**

(1) Visual-Spatial Intelligence

(2) Fluency-Accuracy Intelligence

(3) Linguistic-Verbal Intelligence

(4) Vocabulary Grammar Intelligence

**119. Banishing mother tongue in the classroom is the characteristic feature of _________ method.**

(1) Direct

(2) Bi-lingual

(3) Grammar translation

(4) Natural

**120. ________ deals with the level of meaning in language.**

(1) Syntax

(2) Semantics

(3) Collocation

(4) Colloquial

# भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा** – I का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश – नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

मानव के मर्मस्थल में परोपकार और त्याग जैसे सद्गुणों की जागृति तभी हो पाती है, जब वह अपने तुच्छ भौतिक जीवन को नगण्य समझकर उत्साह–उमंग के साथ दूसरों की सेवा–सुश्रूषा तथा सत्कार करता है। यह कठोर सत्य है कि हम भौतिक रूप में इस संसार में सीमित अवधि तक ही रहेंगे । हमारी मृत्यु के बाद हमारे निकट संबंधी, मित्र, बंधु–बांधव जीवन भर हमारे लिए शोकाकुल और प्रेमाकुल भी नहीं रहेंगे । दुख मिश्रित इस निर्बल भावना पर विजय पाने के लिए तब हमारे अंतर्मन में एक विचार उठता है कि क्यों न हम अपने सत्कर्मों और सद्गुणों का प्रकाश फैलाकर सदा–सदा के लिए अमर हो जाएँ ।

सेवक–प्रवृत्ति अपनाकर हम ऐसा अवश्य कर सकते हैं । अपने नि:स्वार्थ व्यक्तित्व और परहित कर्मों के बल पर हम हमेशा के लिए मानवीय जीवन हेतु उत्प्रेरणा बन सकते हैं । अनुपम मनुष्य जीवन को सद्गति प्रदान करने के लिए यह विचार नया नहीं है । ऐसे विचार सज्जन मनुष्यों के अंतर्मन में सदा उठते रहे हैं तथा इन्हें अपनाकर वे दुनिया में अमर भी हो गए । इस धरा पर स्थायी रूप में नहीं रहने पर भी ऐसे परहितकारी कालांतर तक पूजे जाते रहेंगे । अमूल्य मनुष्य जीवन की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा यही है । यही सीखकर मनुष्य का जीवन आनंदमय और समृद्धिशाली हो सकता है ।

यदि इस प्रकार मानव जीवन उन्नत होता है तो यह संपूर्ण संसार स्वर्गिक विस्तार ग्रहण कर लेगा । किसी भी मानव को आध्यात्मिकता का जो अंतिम ज्ञान मिलेगा, वह भी यही शिक्षा देगा कि धर्म–कर्म का उद्देश्य सत्कर्मों और सद्गुणों की ज्योति फैलाना ही है ।

